**NEWS CLIPPING:17.07.2023**

## HINDUSTAN

# राज्यपाल आज परियोजनाओं का लोकार्पण करने पहुंचेंगे

- जेसी बोस विश्वविद्यालय में आयोजन किया जाएगा
- शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा भी इसमें शिरकत करेंगे

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सोमवार को जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस मौके पर राज्यपाल विश्वविद्यालय में छात्र-केन्द्रित दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे तथा समारोह को संबोधित करेंगे।

समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि रहेंगे तथा हरियाणा सरकार में अतिरिक्त मुख्य सचिव, आनंद मोहन शरण विशिष्ट अतिथि होंगे। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने बताया कि नई परियोजनाओं में बहुमंजिला बालिका छात्रावास है, जिसका नाम भारत की पहली महिला इंजीनियर ए. ललिता के नाम पर रखा गया है। इस बहुमंजिला भवन में 83 कमरे हैं।

**NEWS CLIPPING:17.07.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## यूनिवर्सिटी में बनी नई बिल्डिंग का आज होगा लोकार्पण

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

- प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में कार्यक्रम होगा आयोजित
- परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे

जेसी बोस यूनिवर्सिटी में सोमवार को छात्रों से जुड़ी दो परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मौके पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने बताया कि नई परियोजनाओं में बहुमंजिला छात्राओं का हॉस्टल शामिल है। इसका नाम भारत की पहली महिला इंजीनियर ए. ललिता के नाम पर रखा गया है। इस बहुमंजिला भवन में 83 कमरे हैं, जिसमें छात्राओं के लिए आवासीय सुविधाओं के साथ-साथ चीफ हॉस्टल वॉर्डन कार्यालय, विजिटर रूम व अन्य अन्य जरूरी व्यवस्थाएं हैं। दूसरी परियोजना जलपान गृह व छात्र गतिविधि केंद्र है, जिसका नाम भगवान कृष्णा के नाम पर रखा गया है। इस बहुमंजिला भवन में कैंटीन, छात्रों के लिए मेस, छात्र क्लबों के लिए व्यवस्था के साथ-साथ छात्र रजिस्ट्रेशन, छात्रवृत्ति व छात्रों से जुड़ी अन्य कल्याणकारी योजनाओं को एक छत के नीचे लाया गया है ताकि यूनिवर्सिटी में छात्रों को सुविधाजनक व्यवस्था प्रदान की जा सके। दोनों परियोजनाएं लगभग 30 करोड़ रुपये में तैयार हुए हैं।

**NEWS CLIPPING:17.07.2023**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में शिरकत करेंगे हरियाणा के राज्यपाल

फरीदाबाद, 16 जुलाई (ब्यूरो): हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सोमवार 17 जुलाई को जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आयोजित लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

इस अवसर पर राज्यपाल दत्तात्रेय विश्वविद्यालय में छात्र केन्द्रित 2 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे तथा समारोह को संबोधित करेंगे। समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि रहेंगे तथा हरियाणा सरकार में अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा आनंद मोहन शरण विशिष्ट अतिथि रहेंगे।

लोकार्पण समारोह के दौरान फरीदाबाद विधायक नरेन्द्र गुप्ता, बडखल विधायिका सीमा त्रिखा तथा तिगांव विधायक राजेश नागर भी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने बताया कि नई परियोजनाओं में बहुमंजिला बालिका छात्रावास है, जिसका नाम भारत की पहली महिला इंजीनियर ए. ललिता के नाम पर रखा गया है। इस बहुमंजिला भवन में 83 कमरें है, जिसमें छात्राओं के लिए आवासीय सुविधाओं के साथ साथ चीफ हॉस्टल वार्डन कार्यालय, विजिटर रूम तथा अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का प्रावधान किया गया है। दूसरी परियोजना जलपान गृह एवं छात्र गतिविधि केन्द्र है, जिसका नाम भगवान श्री कृष्णा के नाम पर रखा गया है। इस बहुमंजिला भवन में कैंटीन, छात्रों के लिए मैस, छात्र क्लबों के लिए व्यवस्था के साथ साथ छात्र पंजीकरण, छात्रवृत्ति एवं छात्रों से जुड़ी अन्य कल्याणकारी योजनाओं को एक छत के नीचे लाया गया है ताकि विश्वविद्यालय में छात्रों को सुविधाजनक व्यवस्था प्रदान की जा सके।

**विश्वविद्यालय में छात्र केन्द्रित दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण**

कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने बताया कि लोकार्पण समारोह को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि लगभग 30 करोड़ रुपये लागत की दोनों परियोजनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रत्येक स्तर पर बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों को बल मिलेगा।

**NEWS CLIPPING:17.07.2023**

# HADOTI ADHIKAR

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में शिरकत करेंगे राज्यपाल

**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 16 जुलाई। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सोमवार, 17 जुलाई को जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए द्वारा आयोजित लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल दत्तात्रेय विश्वविद्यालय में छात्र-केन्द्रित दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे तथा समारोह को संबोधित करेंगे। समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि रहेंगे। लोकार्पण समारोह के दौरान फरीदाबाद विधायक नरेन्द्र गुप्ता, बड़खल विधायिका सीमा त्रिखा तथा तिगांव विधायक राजेश नागर भी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने बताया कि नई परियोजनाओं में बहुमंजिला बालिका छात्रावास है, जिसका नाम भारत की पहली महिला इंजीनियर ए. ललिता के नाम पर रखा गया है। इस बहुमंजिला भवन में 83 कमरें है, जिसमें छात्राओं के लिए आवासीय सुविधाओं के साथ-साथ चीफ हॉस्टल वार्डन कार्यालय, विजिटर रूम तथा अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का प्रावधान किया गया है।